कार्यालय
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
उन्नाव

::शुद्धि–पत्र::

सूचित किया जाता है कि कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी उन्नाव के अधीनस्थ संचालित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सफीपुर 15 शैय्या उन्नाव में आयुष वेलनेस सेण्टर संचालित किये जाने हेतु योग प्रशिक्षक एवं योग सहायक की आबद्धता हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित किये गए हैं जिसकी अन्तिम तिथि 20.10.2022 के स्थान पर दिंनाकः–15.10.2022 अंकित हो गया है तथा आवेदन पत्र डाउनलोड किये जाने की अन्तिम तिथिः–26.09.2022 के स्थान पर दिंनाकः–23.09.2022 अंकित हो गया है जिसे संशोधित किया जाता है।

अतः आवेदन पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि–20.10.2022 एवं आवेदन पत्र डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि 26.09.2022 समझा जायें।

(डा0 कप्तान सिंह)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
उन्नाव

# कार्यालय : क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी उन्नाव

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत योग वेलनेस सेण्टर में योग प्रशिक्षक एवं योग सहायक के आबद्धीकरण शासनादेश संख्या– आ0मि0–56/96–आयुष–2–2017–127/2016 दिंनाक:–3.07.2017 एवं शासनादेश संख्या:–आ0मि0–40/96–आयुष–2–2018–127/2016 दिंनाक:–30.01.2018, शासनादेश संख्या:–आ0मि0–621/96–आयुष–2–2018–127/2016 दिंनाक:–17.03.2018 एवं संशोधित शासनादेश संख्या–आ0मि0–110/96–आयुष–2–2020–127/2016 आयुष अनु0–2 लखनऊ दिंनाक:–19.10.2020 के क्रम में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सफीपुर 15 शैय्या जनपद उन्नाव में स्वीकृत आयुष वेलनेस सेण्टर हेतु संविदा के आधार पर निम्न पदों पर तैनाती के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट से स्वीकार किये जाएगे तथा आवेदन पत्र कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी 141 दरोगाबाग सिविल लाइन्स उन्नाव में दिंनाक:–15.10.2022 अपराह्न 04:00 बजे तक स्वीकार किये जाएगे।

| क्र0सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | शैक्षिक योग्यता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | योग प्रशिक्षक | 01 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से साढे पांच वर्षीय कोर्स बेचलर आफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक साइन्स (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारी को वरीयता दी जायेगी<br>अथवा<br>बी0ए0 योग 3 वर्षीय डिग्री धारक/बी0एस0सी0 योग 3 वर्षीय डिग्री धारक/ एम0एस0सी0 योग/ एम0ए0 योग डिग्री धारक (01 वर्ष का अनुभव अथवा पी0जी0डिप्लोमा (न्यूनतम 1 वर्ष पाठ्यक्रम डिप्लोमा धारक 2 वर्ष का अनुभव)<br>नोटः– कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा के उत्तीर्ण करने के उपरान्त का ही मान्य होगा। | रु0 27,000.00 प्रतिमाह |
| 2 | योग सहायक | 01 | इण्टरमीडिएट या समकक्ष योग्यता के उपरान्त योग सेण्टर/नैचुरोपैथी सेण्टर/आयुष चिकित्सालय– जिनमें स्वस्थ्य वृत्त एवं योग से सम्बन्धित क्लीनिक (बहिरंग) में कार्य करने का 2 वर्षीय अनुभव हो। | रु0 10,000.00 प्रतिमाह |
| 3 | नियुक्ति की अवधि | | यह अवधि 1 वर्ष के लिए है। यह योजना आयुष मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित की जा रही है, अतः आगे अवधि का निर्धारण उन्हीं के निर्देशानुसार होगा। | |

नोटः– अन्य सामान्य निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारुप वेबसाइट **www.upgov.nic.in** पर दिंनाक:–**23.09.2022** को सायं 5 बजे के उपरान्त देखा जा सकता है।

(डा0 कप्तान सिंह)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
उन्नाव

## योग प्रशिक्षक/योग सहायक के पद हेत आवेदन पत्र का प्रारुप

1. पदनाम – ..........................................................
2. अभ्यर्थी का नाम – ..........................................................
   (अग्रेजी कैपीटल लेटर में) – ..........................................................
3. पिता/पति का नाम – ..........................................................
4. पता (क) स्थायी – ..........................................................
   ..........................................................
   ........................पिनकोड ..........................

   (ख) पत्र व्यवहार का पता – ..........................................................
   ........................पिनकोड..........................

5. जन्मतिथि – ..........................................................
6. दिंनाकः– 30.10.2022 को आयु – वर्ष..................माह......................दिन............
7. मोबाइल नम्बर – ..........................................................
8. ई0मेल0 आई0डी0 – ..........................................................
9. राष्ट्रीयता – ..........................................................

10. आरक्षित श्रेणी (सामान्य/ओ0बी0सी0/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति)................................

11. शैक्षिक एवं व्यवसायिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क्र0सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्था का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | अंक प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |

12. कार्य अनुभव (संस्था का नाम सहित) ..........................................................
13. सेवायोजन कार्यालय का नाम व पंजीकरण संख्या..........................................................

### घोषणा

मैं ..........................................................एतद द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त प्रमाण पत्र एवं प्रविष्टियां मेरी जानकारी के अनुसार सही है यदि कोई तथ्य/विवरण असत्य पाया जाता है तो मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त कर दिया जाये और मेरे विरुद्ध कार्यवाही की जाती है तो मुझे आपत्ति नहीं होगी।

संलग्नकः–

1.
2.
3.
4.
5.

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम..........................................

स्थान..........................................

दिंनाक..........................................

## सामान्य निर्देश

1. आवेदन पत्रों के साथ शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव, सेवा–योजन कार्यालय का पंजीकरण (यदि हो) तो प्रमाण पत्रों की प्रमाणित/स्व–प्रमाणित प्रतियां अनिवार्य रुप से संलग्न करें।
2. अपना पत्र व्यवहार का पता:–23–10 से0मी0 का एक लिफाफा जिसपर 45 रु0 का डाक टिकट लगा हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें तथा लिफाफे पर रजिस्टर्ड अवश्य लिख दें।
3. नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो (स्व–हस्ताक्षरित) निर्धारित स्थान पर चिपकायें।
4. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप पत्र पर ही मान्य होगा।
5. आवेदन पत्र के उपयुक्त/अन–उपयुक्त होने के सम्बन्ध में अंतिम निर्णय समिति के अध्यक्ष का होगा।
6. आवेदन वाले लिफाफे पर पद का नाम अनिवार्य रुप से लिखा जाये।
7. साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा तथा साक्षात्कार की तिथि की सूचना पृथक से www.upgov.nic.in पर पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

(डा0 कप्तान सिंह)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
उन्नाव